27 Ambikapur-BHOOMI-pg 1_Layout 1 12/27/2023 9:36 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 28 दिसम्बर 2023
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 पार्षद एवं वार्डवासियों ने लगाया सौतेले व्यवहार का आरोप



## खबर संक्षेप

### नालंदा की तर्ज पर स्मार्ट लाइब्रेरी का काम शुरू कराने सीएम को पत्र

**अंबिकापुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा अंबिकापुर में नालन्दा परिसर के तर्ज पर घोषित स्मार्ट लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम का काम जल्द शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर कहा कि रायपुर में नालंदा परिसर के तर्ज पर एक और लाइब्रेरी निर्माण की बात समाचार माध्यमों से सामने आई है। पिछली सरकार में 22 अगस्त 23 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तब के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव की पहल पर अम्बिकापुर में युवाओं की मांग पर प्रतियोगी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए नालंदा परिसर स्मार्ट लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की थी। इसे ध्यान में रखते हुए रायपुर की तर्ज पर सरगुजा के युवाओं की मांग पर ध्यान देना आवश्यक है। स्मार्ट लाइब्रेरी बनने से सरगुजा के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं से अनुकूल पुस्तकें एवं अन्य संसाधन मिल सके। उन्होंने पूर्व की घोषणा अनुरूप इस सबन्ध में अग्रिम कार्रवाई यथाशीघ्र शुरू करने की मांग की है।

### अनियंत्रित बोरवेल मशीन पलटी, युवक गंभीर

**बिहारपुर।** नशे में बोरवेल मशीन ड्राइवर ने ग्राम पंचायत कोल्हुआ के खीरों नदी के किनारे बुधवार को सुबह 10 बजे खाना खाकर आराम कर रहे हैं। इसी दौरान नशे में मशीन स्टार्ट कर बिहारपुर की तरफ जा रही बोरवेल मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। मशीन की चपेट में आने से सिधी के कडार निवासी युवक कैलाश यादव पिता जगीबहोर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज बढ़ने में चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिहारपुर-रसौकी मार्ग का नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है जिसमें साइड शोल्डर जगह-जगह दब रहा है। साइड शोल्डर के दबने के कारण मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई।

### बाइक सहित सड़क किनारे गड्ढे में गिरे सवार, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बाइक सवार ग्राम कृष्णनगर कसामार के समीप अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढा में गिर गए। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम अमरपुर निवासी आसवंद पैकरा आ. देवनाथ पैकरा (21 वर्ष) गत दिन गांव के दोस्त सुनील कुमार पैकरा व लिखेश्वर पैकरा के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडी 8930 से ग्राम चांगरो शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम कृष्णानगर कसमार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी बाइक चला रहे सुनील कुमार पैकरा ने नियंत्रण खो बैठा जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को तत्काल कुसमी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सुनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि घायलों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम गिरजापुर निवासी अकूल कुमार मंगलवार की दोपहर भांजा नीरज कुमार के साथ बाइक से ग्राम केवरा निवासी जीजा सूरज लाल के घर गया था। शाम को दोनो जीजा के यहां से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बडसरा चौक के समीप बाइक को खड़ा कर अकूल उतर रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 4728 चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर गया जिससे वाहन के पहिया के नीचे दब जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### संभाग व राज्य स्तर से आए सवा लाख आवेदन

# मेडिकल कॉलेज में डेढ़ वर्षों में भी पूर्ण नहीं हो पाई 445 पदों पर भर्ती प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- नौकरी के इंतजार में युवा, आरक्षण के मसले पर अटक गई थी प्रक्रिया

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 445 पदों पर भर्ती को लेकर शुरू हुई प्रक्रिया डेढ़ वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो पाई है। पहले संभाग और अब राज्य स्तर पर आवेदन पत्र मंगवाने की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब भी सवा लाख आवेदनों को इंद्राज करने का सिलसिला ही चल रहा है। भरे गए आवेदनों की लिस्टिंग करने का कार्य कब तक पूर्ण हो पाएगा इसको लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। धीमी गति से चल रही प्रक्रिया के कारण आवेदन करने वाले युवा नौकरी की आस में अधर में लटके हुए है इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा मेडिकल कॉलेज में 39 पदों के 445 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी। रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया हेतु अधिसूचना जुलाई में निकाली गई और उसके बाद उसमें संशोधन कर अगस्त माह तक आवेदन लिए गए। कॉलेज प्रबंधन द्वारा नियम के तहत पांचवीं अनुसूची के तहत यह भर्ती सिर्फ सरगुजा संभाग के युवाओं के लिए निकाली गई थी और मेडिकल कॉलेज में नौकरी पाने के लिए संभाग भर से युवाओं ने आवेदन किए थे। आवेदन करने के लिए स्पीड पोस्ट का प्रावधान किया गया था जिसके बाद पोस्ट ऑफिस में आवेदन फॉर्म जमा करने को लेकर युवा जद्दोजहद करते नजर आए थे। इस दौरान विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। सारी मुसीबतों को झेलते हुए 445 पदों के लिए संभाग से मेडिकल कॉलेज में 65 हजार से अधिक आवेदन आए थे लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने 2012 से लागू नियम को निरस्त कर दिया और हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने उन अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया जिसके तहत ये भर्तियां की जा रही थी। इन अधिसूचनाओं को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 के विपरीत माना गया था जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। इसके साथ ही बाद में प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई आरक्षण नीति के कारण मामला अटक गया। प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति को मंजूरी नहीं मिल पाई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश में 58 प्रतिशत आरक्षण के साथ भर्तियों की अनुमति प्रदान कर दी है और कोर्ट के निर्देश के बाद एक बार फिर से राज्य स्तर पर अधिसूचना जारी कर 445 पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए। सितंबर माह के प्रथम सप्ताह तक रिक्त पदों के विरुद्ध राज्य व संभाग स्तर से मिलाकर 1 लाख 25 हजार से अधिक आवेदन आने की बात कही जा रही है।



### कार्यालयीन कर्मचारी ही कर रहे छटनी

445 रिक्त पदों के विरुद्ध प्रदेशभर से सवा लाख से अधिक आवेदन आने के बाद कॉलेज प्रबंधन इनके छटनी करने की बात कह रहा है। फिलहाल आवेदनों को खोलकर इंद्राज किया जा रहा है। इसके बाद यह तय किया जाएगा कि किन पदों के लिए परीक्षा ली जानी है और किन पदों पर सीधे साक्षात्कार लेकर नौकरी दी जाएगी लेकिन इन सब के बीच बड़ी चुनौती सभी आवेदनों को खोलकर जानकारियों को दर्ज करना है। आवेदनों को इंद्राज करने का काम कार्यालयीन कर्मचारी ही कर रहे है। कर्मचारी कॉलेज व अस्पताल के काम के साथ ही इस कार्य को कर रहे है इस लिए प्रक्रिया बेहद धीमी है। यही वजह है कि विगत जुलाई 2022 में शुरू हुई प्रक्रिया वर्ष 2023 खत्म होने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पाई है। भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण होने में कितना समय और लगेगा इसे लेकर भी प्रबंधन कोई स्पष्ट जवाब देने की स्थिति में नहीं है।

### लेट लतीफी से सुविधाओं पर असर

रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया डेढ़ वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो पाई है। नौकरी की आस में आवेदन भरने वाले युवा सिर्फ इन्तजार कर रहे है। कांग्रेस राज में मेडिकल कॉलेज में भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई और इस बीच चुनाव भी हुए व सत्ता परिवर्तन भी हो गया लेकिन प्रक्रिया अभी भी अधर में है। लेट लतीफी के कारण युवा तो परेशान है तो वहीं दूसरी ओर राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल में सुविधाओं पर भी इसका असर पड़ रहा है। प्रबंधन द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती आवश्यकता के अनुरूप ही निकाली गई थी लेकिन भर्ती नहीं होने के कारण मुट्ठीभर कर्मचारियों को ही दो गुना से अधिक काम करना पड़ रहा है और इससे अस्पताल की सुविधाएं भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में अब देखना यह है कि आने वाले वर्ष में प्रबंधन कब तक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर पाता है।

### चल रही है प्रक्रिया

रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आए हुए आवेदनों को इंद्राज करने की प्रक्रिया चल रही है। आवेदनों को संधारित करने का कार्य कार्यालयीन कर्मचारी ही कर रहे है। भर्ती का आदेश पहले संभाग स्तर पर निकाला गया फिर राज्य स्तर से आवेदन मंगाए गए। इंद्राज की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तय किया जाएगा कि किन पदों के लिए परीक्षा होगी और किन पदों को साक्षात्कार से भरा जाना है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए।
डॉ. आर मूर्ति अधिष्ठाता
आरएसडीकेएस शासकीय मेडिकल कॉलेज



## जिले में अभी भी 16 हजार से अधिक पीएम आवासों का निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिला अधिकारी पहुंच रहे निर्माण की प्रगति देखने

सत्ता परिवर्तन के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में अब तेजी आती नजर आ रही है। शासन द्वारा पीएम आवास को दी जा रही प्राथमिकता के बाद प्रशासन भी धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर सख्त हो गया है। कलेक्टर के निर्देश के बाद अब जिले के अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरकर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे है लेकिन अभी जिले में 16 हजार से अधिक पीएम आवास अधूरे बताए जा रहे है। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत हितग्राहियों को उनका पक्का मकान उपलब्ध कराना है। सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां वर्ष 2016-2023 के मध्य कुल 65905 पीएम आवास की स्वीकृति दी गई थी। इस बीच दो से तीन वर्षों तक केंद्र व राज्य के अंश के चक्कर में किसी भी जिले में स्वीकृत किए गए पीएम आवास की राशि नहीं आई बल्कि पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि भी रोक दी गई थी जिससे निर्माण कार्य अधर में लटक गए थे। लंबे समय के इंतजार के बाद राशि जारी हुई जिसके बाद निर्माण कार्य स्वीकृत हुए। इस दौरान जिले को वर्ष 2022-23 के लिए 2664 मकानों के निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। इन मकानों का निर्माण लगभग 34 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। पिछली सरकार में भी पीएम आवास का कार्य चल रहा था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद निर्माण कार्यों में गति आई है। शासन के निर्देश के बाद कलेक्टर स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में योजना अंतर्गत लंबित एवं निर्माणाधीन आवासों को शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चल रहे निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जिला अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण के प्रगति की जानकारी ले रहे है। इस दौरान अभी भी जिले में लगभग 16 हजार मकानों में कार्य जारी होने की बात कही जा रही है।

## कुशासन और भ्रष्टाचार ने कांग्रेस को सरगुजा में पहुंचाया शून्य पर : नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैबिनेट मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

विधानसभा चुनाव में मिली जीत के व मंत्री बनाए जाने के बाद पहली बार सरगुजा पहुंचे कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का शहर में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकाली व जमकर आतिशबाजी की। मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार सरगुजा पहुंचे मंत्री श्री नेताम का रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने सबसे पहले मां महामाया मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की व मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सत्तीपारा स्थित शंकर मंदिर से पूजा करके पंडित दीनदयाल चौक पहुंच कर उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और वहीं से उनकी स्वागत रैली प्रारंभ हुई। इस अवसर पर संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज हम सरकार बनाने में सफल हुए हैं, इसके पीछे हमारा मजबूत केंद्रीय नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत है, भाजपा की नीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने कुशासित और भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेसी सरकार को सरगुजा संभाग में शून्य पर पहुंचा दिया और अब तक का अधिकतम सीट जीत कर हम भाजपा की सरकार बनाए। श्री नेताम ने सरगुजा जिला से पहली बार तीनों सीट जीतने पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व की सराहना की। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि हम सभी ने एक हो कर कार्य किया, सामूहिक नेतृत्व से संगठन को बहुत मजबूती मिली और सबके प्रयास से हम सफल हुए। उन्होंने श्री नेताम के लंबे अनुभव का लाभ और मार्गदर्शन प्राप्त होने की बात कही। रैली के दौरान जगह जगह कैबिनेट मंत्री श्री नेताम का स्वागत किया गया। देवीगंज मार्ग पर जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता एवं उनके परिवार, प्रशांत त्रिपाठी सहित अनेक लोगों ने श्री नेताम को फूल माला पहना कर आतिशी स्वागत किया। गांधी चौक पर अभिषेक शर्मा, रविन्द्र तिवारी, रूपेश दुबे, चंद्रशेखर तिवारी और बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने श्री नेताम का स्वागत किया, सत्तीपारा शंकर मंदिर के पास विशाल गोस्वामी, मनोज सोनी, अजय सोनी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्री नेताम को फलों से तौल कर उनका स्वागत किया गया, पंडित दीनदयाल चौक पर मयंक जायसवाल, विमल मंदिरवार, रमेश सोनी, संजय शर्मा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा, महामाया चौक पर अनुराग सिंह देव के साथ लोगों द्वारा लड्डू से श्री नेताम को तौल कर, संगम चौक पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं किसान मोर्चा द्वारा, देव होटल के पास, घड़ी चौक में नगर मंडल, महिला मोर्चा और पार्षदों की टीम के साथ लोगों ने श्री नेताम का फूल मालाओं के साथ आतिशी स्वागत किया।



### 27 हाथियों ने दो घरों में की तोड़-फोड

**धौरपुर।** वन परिक्षेत्र धौरपुर अंतर्गत दोरना जंगल में मौजूद 27 सदस्यीय हाथियों के भय से ग्रामीण को रतजगा करना पड़ रहा है। हाथी खलिहानों में रखे धान व गन्ना की फसल को तबाह करने के साथ ही घरों में तोड़-फोड़ मचा रहे हैं। बीती रात हाथियों का दल दोरना से डांडगांव जंगल पहुंचा था लेकिन भोर में दल वापस दोरना जंगल लौट आया। बीती रात हाथियों का दल भोजन की तलाश में दोरना बस्ती में पुहंच गया एवं दो घरों में तोड़-फोड़ करने के बाद घर में रखे अनाज को चट कर गए। राजपुर से दल के पीछे-पीछे चल रहा दंतैल दोरना जंगल में दल से मिल गया है। वन अधिकारी हाथियों के ग्राम चीतालाता की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## पत्नी के हत्यारे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिहारपुर/सूरजपुर।** एक सप्ताह पूर्व पत्नी की हत्या करने के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने छत्तीसगढ़ की सीमा पर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। ग्राम महुली निवासी कमलेश साकेत ने ग्राम करौटी निवासी लीलावती खैरवार के साथ प्रेम विवाह किया था। कमलेश ने 20 दिसम्बर को लीलावती के साथ पूरी रात मारपीट करता रहा। इस दौरान उसके माता-पिता ने उसे मारपीट करने से मना किया तो वह उन्हें भी जान से मारने की धमकी देने लगा। भयभीत माता-पिता के गांव में जाने के बाद उसने लीलावती की हत्या कर दी। माता-पिता घर लौटे तब तक लीलावती दम तोड़ चुकी थी। कुछ देर बाद आरोपी भी फरार हो गया। सूचना पर पुलिस धारा 302 का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को तलाश रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीमावर्ती मकरोहर जंगल में उसे गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने पत्नी लीलावती की हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सामग्री को बरामद किया है। इस दौरान थाना प्रभारी जेएस कंवर, एसआई मनोज सिंह, आरडी सिंह, गुड्डू कुशवाहा, मनोज वर्मा, अनुराग यादव, रविराज पांडेय आदि सक्रिय थे।



## हाथियों ने छह मवेशियों पर किया हमला, तीन को उतारा मौत के घाट

**डांड़गांव।** क्षेत्र में हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात हाथियों ने ग्राम दोरना में जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने तीन मवेशियों को पटक कर मार डाला, वहीं तीन मवेशियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पिछले 10 दिनों से सीमावर्ती तारा जंगल में सक्रिय 9 हाथियों का दल पिछले 3 दिनों से वन परिक्षेत्र उदयपुर में भ्रमण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल महेशपुर के रमसागर पतरा जंगल से निकल कर हाथियों का दल बस्ती की ओर जा रहा था। ग्रामीणों ने महेशपुर शिव मंदिर चौक पर आग जलाकर हाथियों को बस्ती की ओर जाने से रोका। हाथी बस्ती की ओर जाना छोड़कर जंगल किनारे स्थित गोढ़ा तालाब की ओर चले गए। इस दौरान तालाब की मेड़ पर संत राम पिता सोनू घसिया ने अपने छह नग बैल बांधे थे। हाथियों ने बैलों को छट पटाते देख उन पर हमला कर दिया। हाथियों ने तीन बैलों को पटक कर मार डाला, वहीं तीन बैलों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक दिन पूर्व हाथियों ने फुनगी जंगल में मुकेश की झोपड़ी को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही रामखेलावन और समुंदर साय के घर में तोड़-फोड़ की थी। वन अमले की सजगता से अब तक कोई जनहानि नहीं हुई है किन्तु मवेशियों को हाथियों से नहीं बचाया जा सका। हाथियों के आक्रामक बर्ताव से आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। हाथी अभी अलकापुरी सागौन बाड़ी में है। हाथियों का दल इस बार मवेशियों को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है तथा अब तक पांच मवेशियों को मौत के घाट उतार चुका है। वन अमला प्रभावित गांवों में लगातार मुनादी करा ग्रामीणों को सतर्क कर रहा है तथा तबाही रोकने की भी कोशिश की जा रही है। जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचाया जा रहा है। वनकर्मियों के अनुसार भ्रमण के दोरान दल का एक दंतैल बस्ती में घुस जाता है तथा घरों में तोड़फोड़ मचाने की कोशिश करता है। वन अमला लम्बी मशक्कत के बा उसे खदेड़ने में सफल हो पाता है। दंतैल बार-बार दल में शामिल होता है तथा मौका मिलते ही बस्ती में पहुंच जाता है। वन अमले की पूरी रात दंतैल को चौकसी करने के साथ ही गजराज वाहन की मदद से उसे खदेड़ने की मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रशिक्षु डीएफओ एवं प्रभारी रेंजर अक्षय भोसले के नेतृत्व में उप वन क्षेत्रपाल अजीत सिंह, वनपाल परमेश्वर राम, परिक्षेत्र सहायक चंद्रभान सिंह, वन रक्षक दिनेश तिवारी, राजेश राजवाड़े, भरत सिंह, धनेश्वर की टीम लगातार हाथियों की निगरानी कर रही है।

### समीक्षा बैठक के दौरान किया गया चुनाव परिणाम पर मंथन, लोक सभा चुनाव को लेकर काम करने पर दिया गया जोर

# पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने ली सरगुजा में कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चुनाव में मिली हार के बाद आज प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने जिले के तीनों विधानसभा की समीक्षा की। इस दौरान श्री सिंहदेव ने सरगुजा में हार की जिम्मेदारी स्वयं ली है। उन्होंने कहा जो जितने बड़े पद पर है उसकी जिम्मेदारी उतनी ही ज्यादा है। पिछला सब भूल कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के लिए काम करना है। आठ विधानसभा में हम करीब एक लाख तिहत्तर हजार चार सौ वोट से पीछे रहे हैं। इस अंतर को पाट कर जीत हासिल करने के लिए प्रयास करना होगा। बुधवार को राजीव भवन में चुनाव में हार की समीक्षा बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा परिणाम अप्रत्याशित है सरगुजा और बस्तर की 26 सीटों में हम सिर्फ चार सीट जीत पाए जबकि मैदानी क्षेत्रों आदिवासियों के लिए आरक्षित 9 में से 7 सीट कांग्रेस पार्टी जीती है। यह कहना ठीक नहीं होगा कि आदिवासियों का समर्थन कांग्रेस को नहीं मिला।

बस्तर की परिस्थितियों दूसरी थी समाज के लोगों को उन्हें शव दफन करने के लिए जमीन नहीं मिल रही थी और वहां अल्पसंख्यक समुदाय कांग्रेस से नाराज था। जातीय संघर्ष को लेकर उपजे हालात में उन्हें सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। दिल्ली में चुनाव पूर्व कोर कमेटी की बैठक में मैंने इस बात को रखा था। सरगुजा में दूसरी परिस्थिति थी, पिछले चुनाव में सरगुजिया सरकार को लेकर लोगों में जो उत्साह था वह इस बार नहीं देखा गया। हराने के लिए चक्रव्यूह रचा जा रहा था जानते हुए भी मैं अभिमन्यु नहीं बन सका, यह मेरी कमी है।



बैठक के दौरान यह बात भी सामने आई कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तो ननि में कांग्रेस की सत्ता होते हुए भी प्रतिवर्ष ननि को लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट मिल रहा था लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद बजट आधे से भी कम हो गए। उन्होंने कहा कि चुनाव में हम शहर में पीछे रहे, लखनपुर में उम्मीद के मुताबिक परिणाम रहा, अम्बिकापुर ग्रामीण में पिछड़े, उदयपुर ने संभाला लेकिन थोड़े अंतर से चूक गए। उन्होंने फिर से हार कर मैदान नहीं छोड़ने की बात दोहराई। कहा यदि जीत जाता तो किसी की नहीं सुनता, अगली पीढ़ी के लिए जगह छोड़ देता मगर अब जब तक आप लोग चाहेंगे आपके साथ रहूंगा। परिणाम अप्रत्याशित था, अंबिकापुर और सीतापुर की जीत को लेकर वे निश्चिंत थे। लुंड्रा में संशय था, सीतापुर को लेकर लो भले ही कई तरह की बात कर रहे थे लेकिन सीतापुर बीजेपी कभी नहीं जीती थी। अमरजीत ने वहां खूब मेहनत की थी, उन्होंने कहा कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। हमें उसके सिद्धांत से समझौता नहीं करना है। इससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठित घोषणा पत्र समिति का संयोजक बनाए जाने पर कांग्रेस जनों ने उन्हें बधाई दी। जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने इसके लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जिसका समर्थन प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने किया। औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, अशफाक अली, अभिषेक शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, श्रम कल्याण मण्डल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, महापौर डॉ. अजय तिर्की, राजेश मलिक, विक्रमादित्य सिंह, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा बंटी, राजनाथ सिंह, कृपा गुप्ता, के के गुप्ता, वायु श्री सिंह, राजनाथ सिंह, बलराम यादव, तिलक बेहरा, सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और जोन सेक्टर के प्रभारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गौ तस्करी सूचना मिलते ही देर रात घटना स्थल पहुंचे विधायक



**रामानुजनगर।** क्षेत्र में लगातार हो रहे गौ तस्करी को लेकर प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह काफी सख्त नजर आ रहे है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि देर रात गौ तस्करी की सूचना मिलते ही खुद ही छापा मारने पहुंच गए। हालांकि इस दौरान तस्कर पकड़ में तो नहीं आए लेकिन विधायक द्वारा जिस प्रकार से अवैध कारोबार को लेकर सक्रियता दिखाई दी उससे गौ तस्करों में भय का माहौल बन गया है। रामानुजनगर थाना अंतर्गत कुछ गांवों में पशु तस्करी का कारोबार लंबे समय से किया जा रहा है। पुलिस द्वारा साल में एक दो कार्रवाई कर शांत हो जाती है और पुलिस की नियमित कार्रवाई नहीं होने के कारण आज भी क्षेत्र में गौ तस्करी का अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग सका। रामानुजनगर क्षेत्र में गौ तस्करी के अवैध कारोबार को संज्ञान में लेकर विधायक भुलन सिंह मरावी ने रात 3 बजे छापा मारा है। विधायक को देर रात लगभग 3 बजे जानकारी मिली कि ग्राम राजापुर में 3 पिकअप में मवेशियों को भरकर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही विधायक ने घटना की जानकारी थाने के पुलिस कर्मियों को दी और खुद ही तस्करों की तलाश में घटनास्थल पहुंच गए। हालांकि मौके पर पशु तस्कर तो नही मिले। इधर पुलिस भी मौके पर पहुंची परंतु गौ तस्करों को पहले ही भनक लग जाने से सभी फरार हो गए। विधायक की सक्रियता से पशु तस्करों में दहशत का माहौल है।

### जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की फर्जी वेबसाइट व पोर्टल से रहे सावधान

**सूरजपुर।** जन्म-मृत्यु पंजीकरण का कार्य केन्द्रीय पोर्टल में 25 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेश सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। जिसका संचालन एवं रख-रखाव गृह मंत्रालय, भारत सरकार के रजिस्ट्रॉर जनरल के कार्यालय द्वारा किया जाता है। वर्तमान में पाया गया है कि इस यूआरएल के समान दिखने वाले कुछ फर्जी पोर्टल वेबसाइट द्वारा समान्तर रूप से जन्म एवं मृत्यु पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। उचित जानकारी के अभाव में आम लोगों द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में इन फर्जी वेबसाइट का प्रयोग किया जा रहा है। ये वेबसाइट फिशिंग में भी सक्रिय है जहां वे पासवर्ड, लॉगइन एवं संवेदनशील जानकारियों को चुराते है तथा इसका प्रयोग गलत उद्देश्यों के लिए करते हैं। ऐसा कोई प्रकरण जिसमें फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण जारी हो रहा होता है तो संबंधित रजिस्ट्रार को अवगत कराए।

### बाइक भिड़ंत में दो गंभीर, बैढ़न रिफर

**बिहारपुर।** ओड़गी-बिहारपुर मार्ग में ग्राम पंचायत मोहरसोप स्थित बरगा नदी के समीप बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवारों को स्वास्थ्य केंद्र मोहरसोप में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में बैढ़न जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। कैलाश प्रसाद प्रजापति पिता रामबरन (60 वर्ष) दोपहर में बाइक से अपने घर जा रहा था, वहीं ग्राम पंचायत उमझर निवासी सुरेश कुमार पिता गौतम (18 वर्ष ) ओड़गी से तेज रफ्तार से आ रहा था। तेज रफ्तार बाइक बरगा नदी के पास टकरा गई। सूचना पर स्वास्थ्य केंद्र मोहरसोप की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने बैढन जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीण हुए लाभांवित

**सोनहत।** विकासखंड के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में निकली मोदी की गारंटी वाहन ने लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी तो दे रहे हैं साथ ही जरूरतमंदों की समस्याएं भी दूर कर रहे हैं। राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर सहित महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहें, जिससे हितग्राहियों को खुशी महसूस हो रही है।

## कार्रवाई के बाद भी खुला छोड़ रहे मवेशी

# रिंग रोड एवं शहर के मुख्य मार्गों को आवारा मवेशियों से नहीं मिल रही मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रिंग रोड पर मवेशियों का जमावड़ा



रिग रोड पर खड़े मवेशी।

शहर के रिंग रोड समेत मुख्य मार्ग पर आवारा मवेशियों की संख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम द्वारा कार्रवाई करने के बावजूद लोग मवेशियों को खुला छोड़ने से बाज नहीं आ रहे जिससे रिंग रोड के अलग-अलग क्षेत्र में मवेशियों के जमावड़ा लगने से राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क के बीच बैठे तथा दौड़ते मवेशी अब वाहन चालकों के दुर्घटना का कारण बन रहे है। जबकि मवेशी भी वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो जाते है। तीन दिन पूर्व ही गांधी चौक के समीप सड़क पर खड़े मवेशी को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी जिससे मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस प्रकार की घटनाएं रिंग रोड पर काफी बढ़ गई है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

शहर के रिंग रोड पर मवेशियों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रख नगर निगम द्वारा पिछले साल रिंग रोड को मवेशी मुक्त करने की घोषणा की थी। निगम द्वारा मवेशी मालिकों को हिदायत देने के बाद शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों की धरपकड़ शुरू किया। निगम द्वारा मवेशियों के धर पकड़ करने पर मवेशी मालिकों ने घर में ही अपने मवेशियों को बांधना शुरू कर दिया जिससे काफी हद तक रिंग रोड से मवेशी गायब हो गए थे। इधर निगम द्वारा पकड़े गए मवेशियों को मठपारा स्थित शहरी गौठान में रखा गया। हालांकि कुछ लोगों ने चालान पटाकर अपने मवेशी वापस ले गए परंतु कई लोग मवेशियों को लेने नहीं पहुंचे जिससे निगम द्वारा मवेशियों की नीलामी की गई। लगातार कार्रवाई करने से मवेशी मालिकों में हड़कंप मच गया था और लोग मवेशियों को खुला छोड़ने से डरने लगे थे। परंतु अब निगम द्वारा पूर्व की भांति कार्रवाई नहीं करने से मवेशी मालिकों के हौसले बुलंद हो गए और खुला छोड़ना शुरू कर दिया है जिससे रिंग रोड के अलग-अलग क्षेत्रों में मवेशियों के झुंड पूर्व की भांति सड़क पर बैठे या एक दूसरे से लड़ते आसानी से देखा जा सकता है। तीन दिन पूर्व ही रिंग रोड पर खड़े एक मवेशी ट्रक की चपेट में आने से जख्मी हो गया जबकि कई बाइक व स्कूटी सवार भी रिंग रोड के अलावा शहर के अन्य मार्ग पर मवेशियों के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। इस प्रकार की घटनाएं रिंग रोड पर आए दिन होती रहती है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों की धरपकड़ नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

शहर के रिंग रोड पर आवारा मवेशियों के जमावड़ा होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है। तीन दिन पूर्व ही रिंग रोड गांधी चौक के समीप ट्रक चालक ने मवेशियों को टक्कर मार दी जिससे मवेशी को गंभीर चोटों आई थी। जबकि रिंग रोड में कई बार स्कूटी व बाइक सवार मवेशियों से टकरा जाने में गंभीर रूप से घायल हो चुके है। इसी प्रकार की घटनाएं रिंग रोड पर अममून हर दूसरे तीसरे दिन होती रहती है जबकि पूर्व में आवारा मवेशियों के कारण हुई दुर्घटना में कई लोगों की जान जा चुकी हैं।

### की जाएगी धरपकड

शहर में आवारा मवेशियों की धरपकड़ की जाती है। कुछ माह पूर्व ही आवारा मवेशियों को पकड़ कांजी हाउस में रखा गया था। अब पुनः मवेशी मालिक मवेशियों को खुला छोड़ रहे है तो आवारा मवेशियों की धर पकड़ की जाएगी।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



# सर्व आदिवासी समाज ने किया विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर इतिहास रचने वाले पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो का सर्व आदिवासी समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। उसे मैं इस जीवन मे कभी नही भूल सकता। मेरा हमेशा यही प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की जनता एवं क्षेत्र के विकास के लिए जितना हो सकेगा करूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी ताकि लोगों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।इसके अलावा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो।इसके लिए भी वो हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान विधायक ने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या हो या दिक्कत हो। वो सीधा मुझसे संपर्क कर अपनी बात रख सकते है। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुशील सिंह, शिवभरोश बेक, कृष्ण कुमार पैंकरा, समेत सरपंच पंच समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रनहत आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया विधायक का भव्य स्वागत

रनहत। प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते का चलगली से प्रतापपुर अपने विधानसभा में प्रस्थान के दौरान रनहत में प्रथम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शंभू नाथ जायसवाल, शैलेश जायसवाल, हरकेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशीष जायसवाल, बच्चा लाल नेटी, विकास जायसवाल, रामबली सिंह, राम भरोसे, मनराज सिंह, पवन सोनी, सूरज सोनी, संतोष यादव, प्रियांशु जायसवाल, संजय ठाकुर, शिवकुमार प्रजापति, रामदयाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# गायत्री भूमिगत खदान में एक दिन में रिकॉर्ड 2920 टन कोयले का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अब तक उक्त खदान का एक दिनी सर्वाधिक रिकॉर्ड 2707 टन कोयला उत्पादन का रहा,पुराना रिकॉर्ड हुआ ध्वस्त
- सीएम मशीत स्थापित होने के बाद कोयला उत्पादन में दिखा जबरदस्त उछाल

एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री भूमिगत खदान में एक दिन में सर्वाधिक कोयला उत्पादन का रिकार्ड अपने नाम किया है।मंगलवार 26 दिसंबर को गायत्री खदान से एक दिन में 2920 टन कोयला उत्पादन कर अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ा है, इसके पूर्व एक दिन में सर्वाधिक 2707 टन कोयला उत्पादन करने का रिकार्ड इस खदान के नाम दर्ज हुआ है।क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन संजय सिंह ने बताया कि अब तक इस खदान से एक दिन का सर्वाधिक कोयला उत्पादन का रिकार्ड आंकड़ा 2707 टन था जो अब टूट चुका है, मंगलवार को इस खदान से एक दिवस में दो हजार नौ सौ बीस टन कोयला उत्पादन किया गया है।बता दें कि इस खदान में वर्ष भर पूर्व सीएम मशीन स्थापित कर कोयला उत्पादन शुरू किया गया था।निजी कंपनी मेसर्स गैनवेल के द्वारा इस खदान को डेढ़ दशक के लिए एस ई सी एल ने अनुबंध पर दिया है।वर्ष भर पहले नए आधुनिक सीएम मशीन से कोयला उत्पादन शुरू किया गया था ,अब कम हाइट की दूसरी सीएम मशीन खदान में स्थापित की जा रही है।प्रबंधन को अनुमान है की दूसरी मशीन नए वर्ष के प्रथम सप्ताह में स्थापित कर ली जाएगी जिससे यहां रोजाना साढ़े तीन से चार हजार टन रोज़ाना कोयला उत्पादन होने की पूरी उम्मीद है।

# स्व.जयकरण राम चक्रधारी स्मृति क्रिकेट स्पर्धा पर सिरसी टीम ने जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना



स्वर्गीय जयकरण राम चक्रधारी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच ग्राम पंचायत कोटेया में मुख्य अतिथि विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, उमेश अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत कोटेया ग्राउंड में अधिना और सिरसी के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबला में सिरसी की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अघिना की टीम ने 11 ओवर में 10 विकेट खोकर कुल 84 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिरसी की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र एक विकेट खोकर 10 वें ओवर में लक्ष्य का पीछा कर मैच को नौ विकेट से अपने नाम किया। ओपनर बल्लेबाज अमित ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 9 छक्के और 4 चौका के मदद से नाबाद 64 रन बनाए। अमित को टीम के लिए शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच और जयराम को पूरे सीरीज में शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि विधायक व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा शारीरिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। आज खेल के माध्यम से भी आप अपना कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। इस दौरान मोक्ष नारायण गुप्ता, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, नूतन विश्वास, नेहा तिवारी, मार्तंड साहु, लाल चंद शर्मा, ज्ञान प्रकाश दुबे, साकेत अग्रवाल, प्रियेश गुप्ता, बबली सिंह, मुरलीधर चक्रधारी, सुनील चक्रधारी, मुनेश्वर राजवाड़े, भृगु प्रसाद, चित्रपाल, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र ठाकुर, गोरेलाल, मारुति नंदन, दया शंकर, भोलेनाथ, दीपक, राघवेन्द्र, जोनू कुशवाहा, रमेश, पुरषोत्तम, शंकर सिंह, रूपेश राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गौठान वीरान, मवेशी नहीं

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा ग्राम पंचायतों में गौठान का निर्माण कराया गया था और चारा पानी सभी तरह के आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, इसके लिए लाखों रूपए खर्च किए गए। बावजूद इसके गौठानों में मवेशी कभी नजर नहीं आते थे। कागजों में तो सभी तरह की सुविधाएं बताई जाती थी, लेकिन हकीकत में उतनी सुविधा नहीं दिखाई देती जितनी कागजों में रहती। यही कारण है कि ग्रामों में बनाए गए गौठान का लाभ ग्रामीण परिवारों को नहीं मिला।

# कांग्रेस स्थापना दिवस से करेगी लोक सभा का चुनावी शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- डोनेट फॉर देश अभियान के तहत आम जनता से राशि एकत्र करने शुरू हुआ अभियान



पत्रकारों से चर्चा करते प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव।

कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना दिवस पर लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेगी। महाराष्ट्र के नागपुर में होने वाली रैली में सरगुजा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल होंगे। कांग्रेस चुनाव के लिए कार्पोरेट्स से बजाए आम जनता से राशि एकत्र करने जा रही है।

इसे डोनेट फॉर देश नाम दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. जेपी श्रीवास्तव एवं महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने मंगलवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 28 दिसम्बर को कांग्रेस का स्थापना दिवस है। कांग्रेस पार्टी का गठन अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष कर भारत को आजाद कराने के लिए हुआ था। आज जरूरत लोकतंत्र को बचाने की है। कांग्रेस पार्टी ने स्थापना दिवस के दिन ही आंदोलन का निर्णय लिया है। नागपुर में एक बड़ी रैली से कांग्रेस चुनावी शंखनाद करने जा रही है। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यो के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कार्पोरेट्स राजनीतिक दलों को चंदा देकर उनसे अपने पसंद की नीति बनवाना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी कभी कॉर्पोरेट परस्त नहीं रही है यही वजह है कि कॉरपोरेट्स और बड़े उद्योग घराना ने कांग्रेस को चंदा देने में कमी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता की पार्टी है हम आम लोगों के बीच जाकर डोनेट फॉर देश नाम से क्राउड फंडिंग शुरू की है, इसका अच्छा लाभ मिल रहा है छत्तीसगढ़ से 2 दिन में ही करीब 19 लाख रुपए से अधिक का दान मिला है। सरगुजा के कांग्रेसी भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने एक लाख अड़तीस हजार रुपये का सहयोग दिया। कार्यकर्ताओं के लिए न्यूनतम 138 रुपये सहयोग राशि निर्धारित है। इस पत्रकार वार्ता में ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, प्रवक्ता आशीष वर्मा, अनूप मेहता, अशफाक अली, नरेंद्र विश्वकर्मा, पार्षद गीता रजक, आशीष शील, जमील खान, विनोद त्रिपाठी, मनीष तिवारी, धर्मेंद्र सिंह सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।













